दिहाड़ी मजदूरों को 300 मास्क बांटते हुए जन कल्याण सेवा समिति के लोग।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### पहाड़ी से गिरकर भालू की मौत

**संवाददाता** ऋषिकेश। राजाजी टाइगर रिजर्व की गौहरी रेंज के अंतर्गत फूल चट्टी के समीप एक भालू का शव बरामद किया गया। भालू की मौत पहाड़ी से गिरकर हुई। डिप्टी डायरेक्टर और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को जला दिया गया। दरअसल राजाजी टाइगर रिजर्व के गौहरी रेंज के अंतर्गत फूल चट्टी से आगे पहाड़ी क्षेत्र में गंगा के समीप एक भालू के मृत होने की सूचना किसी व्यक्ति रेंज अधिकारी धीर सिंह को दी। रेंज अधिकारी ने बताया कि बुधवार की सुबह विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया।

### लॉकडाउन के दौरान भी लंगर जारी

**संवाददाता** देहरादून। गुरुद्वारा प्रबन्धन कमेटी डाकरा द्वारा 45वें दिन भी लॉकडाउन के दौरान लंगर का आयोजन जारी रखा। इस अवसर पर कमेटी के सदस्य देवेंद्र पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन यहां से 200 जरूरतमन्दों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि अब तक समिति ने लगभग दो सौ जरूरतमंदों को सुखा राशन भी वितरित किया है। उन्होंने बताया कि कैंट बोर्ड के सहयोग से भोजन बनाने से पूर्व किचन को सैनिटाइज किया जाता है।

### श्रम कानून के निलंबन के विरोध में दिया धरना

**संवाददाता** देहरादून। पीपुल्स फोरम उत्तराखंड के संयोजक जयकृत कंडवाल ने श्रम कानून के निलंबन के विरोध में धरना दिया। यहां गांधी रोड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में जयकृत कंडवाल पहुंचे और वहां पर इसके विरोध में धरना दिया। इस अवसर पर कंडवाल ने कहा कि आज जिस प्रकार लॉक डाउन के वजह से आम आदमी पर जीवन यापन करने की दुविधा में जिंदगी काट रहा है, दूसरी तरफ देश का निर्माणकर्ता मजदुर सड़कों पर लॉकडाउन को धता बताते हुए अपने घरों को जा रहा है उसके पास ना रोटी है ना पैसा है और ना ही कोई जाने साधन है।

### 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज की घोषणा सराहनीय

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा औद्योगिक इकाइयों हेतु 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज की घोषणा की गई है, जोकि सराहनीय कदम है तथा सरकार ने आत्मनिर्भरता जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर कुछ उम्मीद जगाई है। नेगी ने कहा कि महत्वपूर्ण यह है कि सरकार को उद्योगों को मजबूती प्रदान करने से पहले बाजार को मजबूत बनाना होगा, जिससे ग्राहक उद्योगों में निर्मित उत्पाद को खरीद सकें।

## शिक्षा मंत्री ने 500 स्थानों पर जन प्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से किया संवाद

**संवाददाता** देहरादून। अटल ई–जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से उत्तराखण्ड के शिक्षा मंत्री अरविन्द पाण्डे द्वारा राज्य में 500 स्थानों पर जन प्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से संवाद किया गया। इस अवसर पर देहरादून के मसूरी विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत कैप्टन प्रतीक आचार्य राजकीय इण्टरमीडिएट स्कूल में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस संवाद कार्यक्रम में उपस्थित हुए मसूरी विधायक गणेश जोशी ने शिक्षा मंत्री अरविन्द पांडेय से कहा कि आपने दूरस्थ क्षेत्रों की बात की, मैं राजधानी के अंदर विद्यालय में बैठा हूँ। कई विद्यार्थियों के पास स्मार्ट फोन नहीं हैं और जिनके पास हैं, उनमें से कई शिक्षार्थी अपने फोन को रिचार्ज करवाने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में हमारे विद्यालयों में कक्षा–कक्ष, प्रयोगशालाएं, अतिरिक्त कक्ष आदि का निर्माण भी करवाना होगा। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने विधायक जोशी ने सुझावों को गम्भीरता से लिया और कैबिनेट के समक्ष बात रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, अनुज रोहिला, विनय पाटनी, गोविन्द सिंह, संदीप कोठारी आदि उपस्थित रहे।

# बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर

**कैबिनेट के निर्णय**

तीन महीने तक फिक्स चार्ज नहीं लेगी सरकार | सरकार को होगा छह करोड़ का आर्थिक नुकसान

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश सरकार के शासकीय प्रवक्ता मदन कौशिक ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि बिजली भुगतान को लेकर राज्य उपभोक्ताओ को बड़ी राहत दी गई है और तीन महीने तक का फिक्स चार्ज नहीं लिया जाएगा और इससे राज्य सरकार को छह करोड़ का आर्थिक नुकसान होगा।

सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों को रूबरू होते हुए कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की कृषि उपज ,पशुधन संविदा खेती एवं सेवा अधिनियम 2018 को नोडल एक्ट मानते हुये अध्यादेश लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे कृषकों को अनेक प्रकार की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि वायलर अधिनियम 1923, वायलर जाँच की छूट सीमा अप्रैल से जून तक 3 माह के लिये बढ़ाया गया है। इस बीच इंस्ट्रक्टर या थर्ड पार्टी से जाँच की जा सकती है। लॉक डाउन तीन अवधि में विद्युत के विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ता को ब्याज और अधिभार में छूट दिया है। आन लाइन विद्युत देय के एक प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है और विद्युत अधिभार पर अप्रैल से जून तक 3 माह तक छूट होगी। इससे राज्य पंर 17 करोड़ 64 लाख का भार पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हेल्थ विभाग में जिला और निदेशालय स्तर के लिपिक वर्ग को एक संवर्ग माना गया। इससे इनके प्रमोशन में आने वाली अड़चन दूर होंगी। उन्होंने कहा कि उद्योगों से लिया जाने वाला विद्युत पर फिक्स चार्ज तीन माह के लिये स्थगित किया गया।

### आर्थिक नुकसान को लेकर कमेटी से मांगे सुझाव



स्वास्थ्य विभाग में पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है और राज्य में आर्थिक नुकसान को लेकर कमेटी से सुझाव मांगे है और उन्होंने कहा कि दिल्ली से हरिद्वार, पुणे से काठगोदाम, जयपुर से हरिद्वार, अहमदाबाद से हरिद्वार, चेन्नई से हरिद्वार, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, इलाहाबाद से हरिद्वार, काठगोदाम ट्रेनों का शेड्यूल प्रस्तावित है। राज्य सरकार व्यापक स्तर पर प्रयास कर रही है।

इस अवधि पर फिक्स डिमांड चार्ज पर ब्याज नही लगेगा। इस पर सरकार पर आठ करोड़ का व्यय भार होगा। 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज पर कैबिनेट ने धन्यवाद और कोविड पर व्यवस्थाओं की जानकारी प्रदान की और कहा कि प्रवासियों को हर हाल में क्वॅरेंटाइन कराया जाए। 20,2000 से ज्यादा प्रवास की घर वापसी के लिए पंजीकरण करा चुके है। उन्होंने कहा कि 63 हजार प्रवासी अब तक लौट चुके है और एक करोड़ रुपए रेलवे को राज्य सरकार एडवांस दे चुकी है।

लोग पूणे से काठगोदाम मुम्बई से हरिद्वार अहमदाबाद से उत्तराखंड वापस आएंगे। उन्होंने कहा कि बिजली भुगतान को लेकर राज्य उपभोक्ताओ को बड़ी राहत दी गई है और तीन महीने तक का फिक्स चार्ज नहीं लिया जाएगा और इससे राज्य सरकार को छह करोड़ का आर्थिक नुकसान होगा।

# युवाओं के लिए यह पोर्टल एक सेतु के रूप में करेगा कार्य

**शुभारंभ**

■ मुख्यमंत्री ने कुशल एवं अकुशल युवाओं के लिए पोर्टल का किया शुभारंभ

देहरादून। **संवाददाता**



मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को सचिवालय में मंत्रिमंडल की उपस्थिति में "होप" पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस पोर्टल का यूआरएल hope-uk-gov-in है। इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य कुशल और अकुशल युवाओं का डाटा बेस बनाना तथा डाटा बेस के आधार पर रोजगार/स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। विदित है कि कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत द्वारा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना का शुभारम्भ किया गया था।

"होप" पोर्टल के माध्यम से उत्तराखण्ड के ऐसे युवा जो विभिन्न राज्यों एवं उत्तराखण्ड में कुशल पेशेवर Skilled professional हैं तथा वर्तमान में किसी न किसी संस्थान में कार्य कर रहे हैं या जो उत्तराखण्ड में कौशल विकास विभाग के माध्यम से प्रशिक्षण लेना चाहते हैं, ऐसे युवाओं के लिए यह पोर्टल एक सेतु के रूप में कार्य करेगा। इस पोर्टल के डाटा बेस का उपयोग राज्य के समस्त विभाग तथा अन्य रोजगार प्रदाता युवाओं को स्वरोजगार/रोजगार से जोड़ने के लिए करेंगे।

मुख्यमंत्री की प्रेरणा से इस पोर्टल का निर्माण आईटी विभाग, कौशल विकास विभाग, नियोजन विभाग एवं एनआईसी ने आपसी समन्वय से किया। इस पोर्टल की वेब होस्टिंग उत्तराखण्ड सरकार के आईटीडीए, आईटी पार्क स्थित डाटा सेंटर में की गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय से मुख्यमंत्री के आईटी सलाहकार रवीन्द्र दत्त, सचिव आईटी आर.के सुधांशु, सचिव नियोजन अमित नेगी, सचिव कौशल विकास डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, निदेशक आईटीडीए अमित सिन्हा, एनआईसी के उप महानिदेशक के. नारायण, एनआईसी के तकनीकि निदेशक नरेन्द्र सिंह नेगी ने इस पोर्टल को बनाने में मुख्य भूमिका निभाई।

## 20 लाख करोड़ के आर्थिक पैकेज पर पीएम का जताया आभार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलवार को देश के लिए घोषित 20 लाख करोड़ रुपये के विशेष आर्थिक पैकेज के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। अग्रवाल ने कहा कि सभी प्रदेशवासी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत के आत्मनिर्भरता अभियान में उनके साथ हैं। कोविड–19 कोरोना वायरस से उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने में विशेष आर्थिक पैकेज से नई ऊर्जा का संचार होगा और देश निराशा के माहौल से निकलकर आशा की उमंग लेकर विकास के पथ पर अग्रसर होगा। ये दुनिया का सबसे बड़ा राहत पैकेज है और इससे आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी जाएगी। इसमें देश के गरीब, किसान, मध्यम वर्ग व व्यापारी वर्ग के हित शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने पूरे कोरोना संकट काल के दौरान समय–समय पर अभिभावक के रूप में अपना मार्गदर्शन दिया है।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code
Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।